
# मेवाड़ विश्वविद्यालय में सीयूईटी परीक्षा आयोजित




गंगरार, 15 जुलाई (जसं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेन्स टेस्ट (सीयूईटी) का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार विश्व विद्यालय में दो पारियों में सम्पन्न हुई ऑन लाइन परीक्षा में कुल 100 विद्यार्थियों में से लगभग 61 विद्यार्थियों उपस्थित रहे। इस परीक्षा में चित्तौड़गढ़ जिले के अलावा राजस्थान सहित अन्य राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा के उपरान्त चयनित विद्यार्थी देश के विभिन्न नामित संस्थाओं में प्रवेश ले सकेंगे। परीक्षा देने आये विद्यार्थियों के लिये सनस्टोन संस्था ने कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें संस्था ने विद्यार्थियों को तकनीकी जानकारी और कॅरियर के सम्बन्ध में मार्गदर्शन किया।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में हुई सीयूईटी परीक्षा

**नवज्योति/गंगरार।** मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार में शुक्रवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेन्स टेस्ट (सीयूईटी) का आयोजन किया गया। यह परीक्षा दो पारियों में सम्पन्न हुई। दोनों पारियों में कुल 100 विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र मेवाड़ विष्वविद्यालय में आवंटित हुआ। जिसमें दोनों पारियों में लगभग 61 विद्यार्थियों उपस्थित रहे। परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित हुई। इस परीक्षा के उपरान्त चयनित विद्यार्थी देश के विभिन्न नामित संस्थाओं में प्रवेश ले सकेंगे। संचालन विश्वविद्यालय के एडमिशन डायरेक्टर तरूण दाधीच ने किया।

Dainik Navajyoti 16-07-2022